No. CBSE/CE/Result Tabulation/2021 **24/06/2021**

प्राचार्य/संस्थाओं के प्रमुख,

सीबीएसई से संबद्ध स्कूल।

(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

Subject: कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं के लिए कक्षा दसवीं के डेटा के सत्यापन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने तथा ग्यारहवीं कक्षा के अक अपलोड की सुविधा प्रारम्भ करने के संबंध में

यह प्रपत्र दिनांक 17/06/2021 की कक्षा बारहवीं की परीक्षा 2021 की परिणाम सारणीकरण की पॉलिसी के संबंध में है।

स्कूल कृपया निम्नलिखित नोट करें:

कक्षा दसवीं के डेटा के सत्यापन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना

परिणाम सारणीकरण की वैबसाइट पर कक्षा दसवीं के रोल नंबर, बोर्ड, पास होने का वर्ष के सत्यापन की अंतिम टिटजी 24/06/2021 दी गयी थी। अनेक स्कूलों से मिल रही याचिकाओं तथा महामारी के समय स्कूलों को पेश आ रही दिक्कतों को देखते हुए इस प्रक्रिया को पूरा करने की अंतिम तिथि 28/06/2021 (सोमवार) साँय 5-00 बजे तक बढ़ा दी गयी है।

कृपया ध्यान दें कि इस प्रक्रिया के लिए आगे तिथि को और नहीं बढ़ाया जाएगा तथा स्कूलों को इस प्रक्रिया को बिना अंतिम तिथि का इंतज़ार करे शिघ्रातिशीघ्र पूरा कर देना चाहिए क्योंकि सीबीएसई को इन छात्रों का परिणाम प्राप्त कर स्कूलों को परिणाम तैयार करने के लिए उपलब्ध करवाना है।

ग्यारहवीं कक्षा के अंक अपलोड की सुविधा प्रारम्भ

कक्षा ग्यारह के लिए अंकों कि प्रविष्टि तथा अपलोड की ऑनलाइन सुविधा दिनांक 25/06/2021 (दोपहर 2-00 बजे के बाद) से शुरू होगी।

सभी स्कूल अनुपालन के लिए नोट करे।

-हस्ताक्षरित-

(डॉ. संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक

प्रति : वेब-एडमिन को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए